## एक नजर में

### हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सार्वजनिक भंडारों में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध : निगमायुक्त



**बुरहानपुर।** नगर पालिक निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर में हनुमान जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर विभिन्न मंदिरों एवं स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया जाता है।

निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने भंडारे आयोजित करने वाली सभी समितियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि इन आयोजनों में प्रतिबंधित सिंगल.यूज प्लास्टिक सामग्री जैसे गिलास, प्लेट, दोने आदि का उपयोग पूर्णत: न किया जाए। यदि कोई व्यक्ति या समिति इसका उपयोग करते हुए पाई जाती हैए तो नगर निगम द्वारा नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए भंडारों में पानी पीने के लिए स्टील या तांबे के लोटेध्ग्लास का उपयोग किया जा सकता है। साथ ही प्रसादी वितरण के लिए केले के पत्तलए अन्य वृक्षों के पत्तल या पुन: उपयोग में आने वाले बर्तनों का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक भंडारों, धार्मिक आयोजनों एवं सड़क किनारे लगने वाले लंगरों में सिंगल.यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लागू किया गया है। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्तियों/समितियों पर जुर्माना एवं कानूनी कार्यवाही की जाएगी। अंत में निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने समस्त शहरवासियों को हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल आयोजन करने की अपील की है।

### कृषक कल्याण वर्ष 2026 : 1 अप्रैल से ई. विकास प्रणाली के माध्यम से ही कृषकों को मिलेगा उर्वरक



**बुरहानपुर।** कृषक कल्याण वर्ष अंतर्गत जिले में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में कृषकों को कृषि की नवीन तकनीकों से जोड़ने के लिए कृषि विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में किसानों के लिए कृषि उपज मण्डी केला निलामी सभागृह में उर्वरक वितरण की नवीन ऑनलाइन ई.विकास प्रणाली के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित रहा। इस प्रणाली का उद्देश्य प्रत्येक किसान तक समय पर एवं पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराना है।

प्रशिक्षण में उपसंचालक कृषि एम.एस.देवके ने कृषि आदान विक्रेताओं को ई.विकास प्लेटफॉर्म के माध्यम से उर्वरक वितरण की पूरी प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जिले में शत.प्रतिशत पारदर्शी उर्वरक वितरण सुनिश्चित करना हैए ताकि किसानों को समय पर और सहज रूप से उर्वरक उपलब्ध हो सके तथा कालाबाजारीए अधिक दर व अन्य अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

उपसंचालक देवके ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा लागू की गई यह नवीन प्रणाली 1 अप्रैल से पूर्ण रूप से लागू की जा रही है। नई व्यवस्था से किसानों को उनकी फसल की वैज्ञानिक अनुशंसा के अनुसार लक्षित टार्गेटेड रूप में उर्वरक प्राप्त होगा। संतुलित पोषक तत्वों के उपयोग से फसलों की उत्पादकता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी प्रताप सिंह जमरे, एसएडीओ.श्री राम पाटिलए प्रभारी जिला विपणन अधिकारी संदीप इंगले, कृषि विस्तार अधिकारी जे.एस.चौहान,अखिलेश रावत सहित बड़ी संख्या में कृषि आदान विक्रेता उपस्थित रहे।

### राजयोगिनी मंगला दीदी का दिव्य स्वर्ण जयंती महोत्सव श्रद्धा, उमंग और उत्साह के साथ मनाया



**बुरहानपुर।** ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की वरिष्ठ राजयोगिनी मंगला दीदी के ईश्वरीय सेवा मार्ग में समर्पित जीवन के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती महोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही रावेर से लता दीदीए मलकपुर से गीता दीदी, मालेगाव से शकु दीदी, बुलढाणा से उर्मिला दीदी, भुसावल से सिंधु दीदी, फैज़पुर से शकुंतला दीदी आदि वरिष्ठ दीदियो का भी सम्मान किया गया।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और ईश्वरीय स्मृति के साथ हुआ। उपस्थित वक्ताओं में डॉ उज्वल कपड़निस, डॉ किरण पाटिल, डॉ मनीषा कपड़निस ने दीदी का अभिनंदन प्रति, सेवाओंकी सराहना करते हुए शुभकामनाये दी और उन्हें ईश्वरीय सौगात व फूलों के हार से सम्मानित किया गया। मंगला दीदी के पांच दशकों की अनवरत सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें ममता, धैर्य और त्याग की प्रतिमूर्ति बताया। सेवा यात्रा, मंगला दीदी ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के नैतिक और आध्यात्मिक उत्थान के लिए समर्पित किया है। उनके मार्गदर्शन में हज़ारों परिवारों ने व्यसनमुक्ति और राजयोग के माध्यम से अपने जीवन में सुख.शांति का अनुभव किया है। इस अवसर पर सतपंथ आचार्य महामंडलेश्वर जनार्दन हरिजी महाराज ने भी उपस्थित रह दीदी जी को अभिनन्दन देते हुए दीदी की इस अलौकिक सेवाओं की सराहना की ।



कार्यक्रम में सावदा शहर की नगरधक्ष्या बहन और उनके साथ बाल कलाकारों ने भी बहुत सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी प्रस्तुत की। महोत्सव के दौरान कुमारीयो और बहनों द्वारा सुंदर स्वागत नृत्य और दीदी के जीवन सफर पर आधारित एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। अपने संबोधन में राजयोगिनी मंगला दीदी भावुक होते हुए बोलीं की ष्यह स्वर्ण जयंती मेरी नहीं, बल्कि उस निराकार परमात्मा की है जिसने मुझे निमित्त बनाकर समाज की सेवा कराई। इन 50 वर्षों का हर पल ईश्वरीय सुख और संतुष्टता से भरपूर रहा है। मेरा लक्ष्य अंतिम सांस तक जन.कल्याण और विश्व शांति के लिए कार्य करना है। इस अवसर पर केक काटकर 50 दीपक जलाये। सावदा सेवा केंद्र पर आयोजित इस भव्य समारोह में शहर के गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्ध जनों और सैकड़ों भाई-बहनों ने अपनी उपस्थिति देकर दीदी के प्रति शुभकामनाएं दी ।

# महावीर जन्म कल्याणक : शोभा यात्रा में विश्व शांति के लिए सामूहिक जाप

**चांदी के रथ पर श्रीजी की प्रतिमा को किया विराजित**

**श्री आनंद संचेती भवन में धर्म सभा में हुई परिवर्तित**





**नवभारत न्यूज़,**

**बुरहानपुर।** श्री सकल जैन समाज बुरहानपुर द्वारा भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव पर विशाल शोभायात्रा का प्रारम्भ चांदी के रथ पर सवार श्रीजी की प्रतिमा को लेकर शोभायात्रा श्री श्वेताम्बर जैन मंदिर तिलक हॉल से प्रारम्भ होकर श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर राजपुरा से होते हुए पांडूमल चौराहा ,कमल टाकिज,गाँधी चौक ,सुभाष चौक, सिटी कोतवाली,साडी बाज़ार, फव्वारा चौक, बाई साहब की हवेली से होते हुए श्री आनंद संचेती भवन में धर्म सभा में परिवर्तित हुई।

श्रीजी को रथ में लेकर बैठने का सौभाग्य जयराज पन्नालाल जैन परिवार को मिला। धर्म सभा में मंगलाष्टक के साथ 80 वर्ष से अधिक आदरणीय समाज के मार्गदर्शकों का शाल-हार श्रीफल से बहुमान किया गया।

इन सभी का बहुमान समस्त मंदिरों के अध्यक्षों-ट्रस्टियों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में शोभायात्रा के दौरान विभिन्न मंडलियो द्वारा भजन, गरबा आदि की प्रस्तुतिया की गई। धर्म सभा का संचालन जतनलाल जैन सेठिया एवं प्रमोद जैन भंडारी ने किया। कमल टाकिज क्षेत्र में आज पुरे विश्व में वर्तमान स्थिति को देखते हुए कई देशो में युद्ध हो रहा है भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर बुरहानपुर समाजजनों ने विश्व के समस्त महानुभव से भगवान महावीर के दिव्य सन्देश अहिंसा परमो धर्म एवं जियो और जीने दो के सार को समझने के प्रयास के साथ साथ विश्व में शांति स्थापित हो इस हेतु महेंद्र जैन द्वारा विश्व शांति हेतु सामूहिक महामंत्र नवकार का जाप सम्पूर्ण उपस्थित समाजजनों द्वारा किया गया। शोभा यात्रा में मधुर भजन ललित जैन , आलोक पाटोदी,पराग शाह एवं टीम द्वारा प्रस्तुति दी गई। भगवान महावीर का जन्म महोत्सव मनाया ,जिसमे भगवान को पालने में पढ़राने का लाभ यतीश मोतीलाल जैन परिवार को मिला,आरती मांगल दिया का लाभ सरोजबेन रमेश शाह परिवार को मिला, शांतिधारा का लाभ बाबूलाल प्रेमचन्द जैन परिवार को मिला ,शोभा यात्रा के दौरान जगह जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। साथ ही अगवानी अवसर पर क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने चांदी के रथ पर विराजमान श्रीजी की प्रतिमा की आरती उतारी।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष मनोज माने, गजेन्द्र पाटिल, कांग्रेस के पूर्व विधायक ठाकुर सुरेन्द्र सिंह, वर्तमान नगर निगम अध्यक्ष अनीता यादव, पूर्व जिला कोंग्रेस कमिटी अध्यक्ष अजय रघुवंशी,कोंग्रेस जिलाध्यक्ष रिंकू टाक, मारवाड़ी युवा मंच, कैलाश पारिक के साथ साथ समाज के प्रमुख कार्यकर्ता मेहुल जैन, विवेक जैन लुहाडिया, नरेन्द्र लुहाडिया जैन ,चन्द्रकांत भोगीलाल शाह, किरण हुमड, पवन ठोलिया जैन , पंकज मेहता, मांगीलाल सेठिया,वीरेन्द्र बडज्यात्या, दिनेश जैन, त्रिलोक जैन और अन्य मौजूद थे।

## गणपति मंदिर से विशाल वाहन रैली निकलेगी आज

**अगवानी गौभक्त और सुप्रसिद्ध कथावाचक फैज खान करेंगे**



**नवभारत न्यूज़,**

**बुरहानपुर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 1 अप्रैल को सायं 4 बजे बड़ा गणपति मंदिर ए गणपति नाका से रास्तीपुरा हनुमंदिर तक विशाल एवं भव्य वाहन रैली का आयोजन मंदिर समिति द्वारा कीया गया हे। यह रैली नगर के विभिन्न मार्गो से होकर निकलेगी।

बड़े गणपति मंदिर से विशाल वाहन रैली निकलकर गणपति नाका से होते हुए रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने से शनवारा गेट से मण्डी चौराहे से ठाकुर कांप्लेक्स के सामने से सिटी कोतवाली के सामने से शनि मंदिर से भाई साहब की हवेली होते हुए राजपुरा से न्यामतपुरा से सालासर हनुमान मंदिर के सामने से आदर्श लॉज के सामने से रास्तीपुरा हनुमान मंदिर परिसर पर वाहन रैली का समापन होगा। इस वाहन रैली की अगवानी गौभक्त एवं सुप्रसिद्ध कथावाचक फैज खान साहब करेंगे। अगले दिन हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल सुबह 9 बजे विठ्ठल मंदिर से लोधीपुरा से गाजे बाजे अखाड़े के साथ भव्य शोभा यात्रा निकलकर ईच्छैश्वर हनुमान मंदिर परिसर पर पहुंचेगी एशोभा यात्रा के हनुमान मंदिर परिसर पहुंचने के पश्चात श्रीईच्छेश्वर हनुमान जी की महा आरती होगी और प्रसादी मे विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर परिसर पर रखा गया है,मंदिर परिसर मे भजन .कीर्तन ,आरती की प्रस्तुति श्री हारून खान,संजय दुबे ब्रह्मपुर द्वारा और कुमारी जाहन्वी दिघे सूरत एवं खुशबू चौकसे ब्रह्मपुर द्वारा मधुर स्वरो भजन.कीर्तन की प्रस्तुति दी जायेगी। सनातन वैदिक हिन्दू धर्म.परायण जनता से आग्रह है की इस दो दिवसीय श्रीहनुमान जन्मोत्सव कार्य.क्रम में अपनी सहभागिता प्रदान कर धार्मिक पुण्य लाभ प्राप्त करे।

इस रैली को सफल बनाने का अनुरोध ट्रस्ट के ईश्वर महाजन, हेमलाल मोरे,राकेश तिवारी, बन्टी मोरे,आलोक मिश्रा, शिवकुमार पासी,राहुल पासी,पवन बारी कुन्दन भगत,चेतन महाजन,योगेश महाजन, त्रंबक भगत,प्रदीप तिवारी,रॉकी टेलर,दिलीप सोनी सहित समस्त भक्तजनों ने किया है।

## श्री हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव



**नवभारत न्यूज़,**

**बुरहानपुर।** तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम में आज 31 मार्च 2026 मंगलवार को दुर्गा मैदान से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें सिंधीपुरा वार्ड के नागरिक, माता एवं बहनों ने बढ़.चढ़कर हर्षोल्लास से शोभायात्रा सम्मिलित हुए। खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल एवं गजेंद्र पाटील जी ने भी शोभायात्रा में सम्मिलित होकर श्री हनुमान जी का आशीर्वाद लिया।

## महावीर जयंती उत्साह के साथ मनाई



**नवभारत न्यूज़,**

**इच्छापुर।** ग्राम इच्छापुर में जैन समाज द्वारा महावीर जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई।

जिसमें पुराना जैन स्थानक से सुबह प्रभात फेरी निकाली गई जो कि ग्राम के प्रमुख मार्गो से होते हुए नए जैन स्थानक पहुंची जहां पर नवकार मंत्र का जाप किया गया।

तत्पश्चात स्थानक मे सांस्कृतिक रंगा रंग कार्यक्रम आयोजीत किए गए। इस अवसर पर अशोक कुमार बाफना, रविद्र जैन,सुभाष जैन ,नरेन्द्र जैन, मुकेश बाफना ,सुरेंद्र जैन ,राजेंद्र जैन ,विजय चोरडीया सहित महीलाए , युवावर्ग एवं समाजजन उपस्थित थे ।

# सीईओ ने की सरकारी कामों की प्रगति की समीक्षा

**नवभारत न्यूज़,**

**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार बैठकों के माध्यम से विभिन्न शासकीय कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में सीईओ जिला पंचायत और अपर कलेक्टर सृजन वर्मा ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए एचपीवी टीकाकरण की प्रगति पर विशेष ध्यान देने तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि टीकाकरण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि लक्ष्य समय पर पूर्ण हो सके। बैठक में टीबी नियंत्रण को लेकर चर्चा की गई तथा जिन क्षेत्रों में टीबी के मामले अधिक हैं। वहां विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करने एवं मातृत्व मृत्यु से संबंधित हाई रिस्क प्रकरणों का फालोअप लेने के निर्देश दिए गए।

इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि कुपोषितए सेम एवं मेम बच्चों को प्राथमिकता के साथ एनआरसी में भर्ती कर उनकी समुचित देखभाल की जाए। सीईओ श्री वर्मा ने स्पष्ट कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन प्राथमिकता के साथ करें तथा कार्यों में लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायें। बैठक के दौरान स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग का अमला मौजूद रहा।

डीएलसीसी की बैठक आयोजित:- इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागृह में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक के दौरान बैंकों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सभी सेक्टरों में प्रगति पर चर्चा भी हुई। इस अवसर पर विशेष रूप से शासन प्रयोजित योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर विचार.विमर्श किया गया। बैठक में सीईओ वर्मा ने कहा कि शासन की योजनाओं के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सभी बैंक एवं संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें। इस संदर्भ में एलडीएम श्री महावीर राय को विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर निर्धारित लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करें।

## साइबर सेल ने की लोकेशन ट्रेस, पुलिस ने युवक को खुदकुशी से रोका

**वीडियो बनाकर दी थी चेतावनी,पेड़ पर लटक रहा था**




**नवभारत न्यूज़,**

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में लालबाग थाना पुलिस ने सोमवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को आत्महत्या करने से बचा लिया। युवक फांसी लगाने की कोशिश कर रहा थाए लेकिन समय रहते पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसकी जान बचा ली। बाद में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**बहन ने वीडियो दिखाकर मांगी मदद:**-घटना की शुरुआत तब हुई जब एक युवती लालबाग थाने पहुंची। उसने अपने भाई शफीक का वीडियो पुलिस को दिखाया, जिसमें वह फांसी लगाने की बात कह रहा था। युवती ने उसका मोबाइल नंबर भी पुलिस को दिया।

**साइबर सेल से ट्रेस की लोकेशन:**- सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक जयपाल सिंह राठौर ने तुरंत साइबर सेल की मदद से युवक की लोकेशन ट्रेस कराई। थाना प्रभारी अमित सिंह जादौन को जानकारी दी गई। लोकेशन पातोंडा रोड स्थित गुरूसिख नगर के पास मिलने पर एफआरवी टीम को मौके पर भेजा गया।

**पेड़ पर लटका मिला युवक:**- एफआरवी टीम मौके पर पहुंची तो युवक बबूल के पेड़ पर काले दुपट्टे से फांसी का फंद्दा बनाकर झूल रहा था। पुलिस टीम ने बिना देर किए स्थानीय लोगों की मदद से उसे बचाने का प्रयास शुरू किया।

आरक्षक यशवंत तिजारे कांटों से भरे पेड़ पर चढ़े और फंद्दा काटा, जबकि नीचे मौजूद टीम ने उसे संभाला। राहगीर संदीप कड़ू ने तुरंत उसके गले से फंदा हटाया।

घटना के बाद युवक को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई में प्रधान आरक्षक सुशील इंगले, आरक्षक संतोष जाधव, यशवंत तिजारे, वाहन चालक नितिन और राहगीर संदीप का अहम योगदान रहा।

इस सराहनीय कार्य के लिए एसपी देवेंद्र पाटीदार ने पूरी टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

## इच्छापुर में जल मंदिर का उद्घाटन



**बुरहानपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बुरहानपुर द्वारा सेक्टर क्रमांक 1 ईच्छापुर में जल मंदिर का उद्घाटन किया गया। यह कार्य गर्मी के मौसम को देखते हुए नागरिकों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्धत कराने की दिशा में एक पहल है।

इस अवसर पर जिला समन्वयक जन अभियान परिषद् मनीष कुवादे ने जल गंगा संवर्धन अभियान के महत्व एवं उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समितियां ग्रामीणजनों के सहयोग से क्षेत्र में जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं जल संरक्षण के प्रति संकल्पित है। साथ ही मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिये जल मंदिर से पीने के पानी की व्यवस्था नियमित बनी रहे इसके लिये सभी का सहयोग आवश्यक है। शुभारंभ अवसर पर उपस्थितजनों ने जल संरक्षण की शपथ भी ली।

**एक नजर** — विधायक अर्चना चिटनिस ने किया पुलिया और पहुंच मार्ग निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन...

# 19 लाख रुपए की लागत से होगा मोहम्मदपुरा में पुलिया और सड़क का निर्माण

**नवभारत न्यूज़,**

**बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने बुरहानपुर के ग्राम मोहम्मदपुरा के किसानों और ग्रामीणों के लिए आज विकास की नई राह खुल गई, जब सर्वोदय नगर क्षेत्र में 19 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पुलिया एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। यह कार्य की श्रीमती चिटनिस द्वारा विधायक निधि से किया जा रहा है।





भूमिपूजन के अवसर पर अर्चना चिटनिस ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि यह सड़क और पुलिया निर्माण कार्य किसानों को खेतों तक सुगम पहुंच प्रदान करेगा तथा कृषि उपज को मंडी तक ले जाने में सहूलियत देगा। इससे समय और लागत दोनों की बचत होगी तथा किसानों की आय में वृद्धि में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क-सिंचाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। मोहम्मदपुरा में यह निर्माण कार्य लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगा और ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाएगा।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए प्रत्येक गांव में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कए स्वच्छताए पेयजलए सार्वजनिक स्थल और सामुदायिक सुविधाओं का विकास सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में उनका प्रयास है कि क्षेत्र के प्रत्येक गांव में विकास कार्यों को गति मिले और ग्रामीणों को आवश्यक सुविधाएं उनके गांव में ही उपलब्ध हो सकें।

चिटनिस ने ग्रामीणों से भी अपील करते हुए कहा कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें और अपने गांव को स्वच्छए सुंदर और विकसित बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही विकास कार्यों को स्थायी और प्रभावी बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम के अंत में विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ तथा निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का आश्वासन दिया गया। ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए श्रीमती अर्चना चिटनिस का आभार व्यक्त किया और इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, चिंतामण महाजन, ईश्वर चौहान, नरहरी दीक्षित,सुनील वाघे, दीपक महाजन, धनराज महाजन, प्रभाकर चौधरी, राजेन्द्र यादव, गोकुल चौधरी, महेन्द्र चौधरी, उमेश शाह, योगेश महाजन, राजकुमार वाघ, रूपेश लिहनकर, पांडुरंग चौधरी, श्रीमती अमरपाली तायड़े, फिरोज तड़वी, अजय गोटे, पांडुरंग जाधव, बाबुराव पाटिल, श्रीमती जीजाबाई महाजन,रोहन पाटिल, श्रीमती ममता दुबे, मनोज महाजन, वैभव महाजन, नितीन दामोदरे, भारत चौधरी, उमेश देवस्कर, श्रीमती स्वर्णा पाटिल एवं हेमंत महाजन सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषक बंधु उपस्थित रहे।